हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 20 जून, 2025



13 हाफ मैराथन में दौड़े शहरवासी, आज होगी योग दिवस कार्यक्रम...





13 जनस्वास्थ्य विभाग और शहरी आजीविका मिशन जल्द चलाएंगे...




## खबर संक्षेप

### सरकारी योजनाओं पर जागरूकता शिविर आज

**फतेहाबाद।** अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने बताया कि 20 जून को सुबह 10 बजे से बाद दोहपर 1 बजे भूना में हिसार रोड पर स्थित तक दक्ष प्रजापति धर्मशाला मॉडल टाउन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस जागरूकता कार्यक्रम में आमजन को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिनन योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

### शनि मंदिर में दिन दहाड़े नकदी व चांदी की चोरी

**फतेहाबाद।** शक्ति नगर वार्ड नंबर एक में स्थित इच्छापूर्ण शनिदेव मंदिर में दिन दहाड़े चोरी होने की घटना सामने आई है। दोपहर करीब 12 से 1 बजे तक मंदिर के पुजारी किसी काम से थोड़ी देर के लिए बाहर गए तब एक युवक में मंदिर में आकर पहले शिव लिंग को जल चढ़ाया। फिर मंदिर के गर्भ गृह में घुसकर रैकी की। उसने मंदिर के दान पात्र की चाबी ढूंढकर दान पात्र में रखी हजारों की राशि और एक चांदी का मुकुट चुराकर फरार हो गया।

### डोडा पोस्त सहित युवक को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्त अभियान के तहत रतिया पुलिस ने एक युवक को डोडा पोस्त सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान इकबाल सिंह पुत्र महंता सिंह निवासी पिलछियां के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार थाना सदर रतिया पुलिस की टीम पीएसआई पुनीत कुमार के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। इसी दौरान कार्रवाई की गई।

### रतिया न्यायालय परिसर पर योगाभ्यास 21 को

**रतिया।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सलोनी गुप्ता की अध्यक्षता में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कोर्ट कॉम्प्लेक्स रतिया में भी योग दिवस 21 जून को उत्साह पूर्वक मनाया जाएगा। योग दिवस का यह आयोजन प्रात 7 बजे से न्यायालय परिसर में आरंभ होगा, जिसमें श्वास-प्रश्वास की विधियां, सूर्य नमस्कार, ध्यान व अन्य योग क्रियाओं का अभ्यास किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सभी न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता व न्यायालय के कर्मचारी भाग लेंगे।

### महिला सहित तीन नशा तस्कर गिरफ्तार

**सिरसा।** एंटी नारकोटिक सेल सिरसा पुलिस गश्त व चैकिंग के दौरान रानियां रोड बांदर वाली पुली क्षेत्र से दो युवकों व एक महिला को 23 ग्राम 74 मिलीग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक सेल सिरसा प्रभारी उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार ने बताया कि थाना की एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान रानियां रोड पर बांदरा वाली पुलिया के पास मौजूद थी। उन्होंने बताया कि इस दौरान पुलिस ने दो युवकों व एक महिला को शक के आधार पर रोककर उनकी तलाशी ली तो उनके कब्जा से 23 ग्राम 74 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई।

### नमन केडिया बने युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव

**सिरसा।** युवा कांग्रेस नेता नमन केडिया को युवा कांग्रेस का प्रदेश महासचिव चुना गया है। अपनी नियुक्ति के लिए नमन केडिया ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा, एआईसीसी सचिव प्रदीप नरवाल, आल इंडिया यूथ कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अलागुरू, एआईवाईसी अध्यक्ष उदयभान चिब व आईवाईसी के महासचिव व एआईसीसी सदस्य विनीत कंबोज का आभार प्रकट किया है।

---

## 50 फीसदी से ज्यादा सीटें खाली रहने की संभावना

# फतेहाबाद के कॉलेजों में गिरेगा दाखिले का ग्राफ, बाहर पढ़ने में रूचि दिखा रहे विद्यार्थी

**छात्रों ने एडोप्ड किया फर्स्ट व सेकिंड च्वाइस, जिले के 10 कॉलेजों में बीते वर्ष 45 फीसदी रिक्त थी सीटें**

सुरेन्द्र असीजा ⏭फतेहाबाद

जिले के 10 कॉलेजों में यूजी के दाखिले के पहले चरण में 16 जून को अंतिम तिथि के बाद 20 फीसदी सीटों के लिए छात्रों ने आवेदन ही नहीं किया। यानि कि अभी तक जिले के कॉलेजों में 1321 सीटें रिक्त पड़ी हैं जबकि बीते वर्ष 45 फीसदी खाली रह गई थी। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिले के अनेक छात्र यहां की बजाय बाहर पढ़ने में ज्यादा रूचि दिखा रहे हैं।

हालांकि सीडीएलयू एडमिशन की डेढ बढ़ा देगा, यह निश्चित है, फिलहाल जिले के कॉलेजों को पर्याप्त छात्र नहीं मिल रहे। माना यह भी जा रहा है कि दाखिले के अंतिम चरण में 50 प्रतिशत सीट खाली रह जाएगी। शिक्षाविदें के अनुसार अनेक ऐसे विद्यार्थी है जिन्होंने फर्स्ट च्वाइस के अलावा दूसरे कॉलेजों का भी विकल्प भी भरा हुआ है। अगर छात्र की फर्स्ट च्वाइस कॉलेज में एडमिशन हो जाता है तो दूसरे कॉलेजों से उसका नाम हट जाएगा। ऐसे में पक्का है कि यहां पिछले साल से ज्यादा यानि 50 फीसदी सीटें खाली रह जाएंगी।




### किस कालेज में कितने आवेदन आए

| महाविद्यालय | संकाय | सीटें | आवेदन |
|---|---|---|---|
| डिफेंस डिग्री कालेज टोहाना | 4 | 560 | 373 |
| राजकीय महाविद्यालय भट्टूकलां | 3 | 440 | 127 |
| राजकीय महाविद्यालय भूना | 3 | 495 | 741 |
| राजकीय महाविद्यालय फतेहाबाद | 2 | 320 | 357 |
| राजकीय महाविद्यालय रतिया | 3 | 420 | 118 |
| राजकीय महाविद्यालय टोहाना | 6 | 1030 | 1094 |
| राजकीय महिला महाविद्यालय भोडियाखेड़ा | 5 | 880 | 550 |
| राजकीय महिला महाविद्यालय रतिया | 2 | 400 | 270 |
| एमएम कालेज फतेहाबाद | 7 | 1385 | 1189 |
| श्रीदुर्गा महिला महाविद्यालय टोहाना | 6 | 460 | 250 |
| *कुल* | | *6390* | *5069* |

### फतेहाबाद कॉलेज में जिले में सर्वाधिक आवेदन

*कॉलेजों में एडमिशन की अंतिम तिथि 16 जून थी। फतेहाबाद कॉलेज में जिले में सर्वाधिक आवेदन आए हैं। उम्मीद है कि यूनिवर्सिटी एडमिशन की तारीख बढ़ाएगी। ऐसे में छात्रों की संख्या में इजाफा हो सकता है। कई छात्रों ने अनेक जगह आवेदन किए हैं, वहां एडमिशन न होने पर वह भी यहां पर दाखिला ले सकते हैं। -डा. गुरचरण दास, प्राचार्य, एमएम कॉलेज फतेहाबाद।*

### दाखिले का ये रहेगा शेड्यूल

| | |
|---|---|
| ⏭पहली प्रोविजनल मेरिट सूची जारी | 25 जून |
| ⏭पहली मेरिट सूची जारी | 26 जून |
| ⏭फीस जमा | 27 से 30 जून |
| ⏭दूसरी प्रोविजनल मेरिट सूची | 2 जुलाई |
| ⏭दूसरी मेरिट सूची जारी | 3 जुलाई |
| ⏭फीस जमा | 4 से 7 जुलाई |
| ⏭फिजिकल काउंसिलिंग | 9 जुलाई |

### 10 कालेजों की 6390 सीटों पर आए सिर्फ 5069 आवेदन

कालेज प्रबंधक मानते हैं कि इस बार कम आवेदन आए हैं। जिले में 10 कालेज हैं, जिसमें सभी संकायों की 6390 सीटें है। इसके लिए 5069 आवेदन है। कुल सीट में भी 20 प्रतिशत आवेदन कम आए है। उच्चतर शिक्षा विभाग अब 26 जून को पहली मेरिट सूची जारी करेगा। इससे पहले विभाग प्रोविजनल सूची भी जारी करेगा। बता दें कि विभाग ने 11 जून तक आवेदन मांगे थे, लेकिन कम आवेदन आने के बाद 16 जून तक तिथि बढ़ा दी थी। कुछ आवेदन अवश्य आए है लेकिन अब भी चिंताजनक स्थिति है। असल में जब पहली मेरिट लिस्ट जारी होगी तो और बाद में जो सीट का ब्योरा होगा, वो हैरान करने वाला होगा। दरअसल 1700 ही विद्यार्थियों ने असल में आवेदन किया है। एक विद्यार्थी ने तीन कालेज लिए है। ऐसे में 50 प्रतिशत से अधिक सीट कालेजों में खाली रह जाएगी।

### *रतिया कॉलेज में 420 सीटें, आवेदन आए 118, महिला कॉलेज में 270*

*हिसार व दूसरे जिले में पढने के लिए जा रहे विद्यार्थी जिले में 10 कालेज है। जिसमें सरकारी कालेज भी शामिल है। लेकिन यहां पर शिक्षा का हब न होने के कारण यहां के विद्यार्थी जिले में दाखिला नहीं लेना चाहते है। कालेज में पढ़ाई के साथ विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी भी करते है, लेकिन यहां पर कोई कोचिंग सेंटर नहीं है। इस कारण हिसार के अलावा दूसरे जिलों में दाखिला ले रहे है ताकि कोचिंग भी साथ ले सके। जिले के सरकारी कालेज की बात करें तो रतिया के सरकारी कालेज की 420 में से केवल 118 आवेदन आए है। वहीं महिला कालेज में 400 में से 270 आवेदन आए है। फतेहाबाद मुख्यालय के सरकारी कालेज को डाइट मताना में शिफ्ट कर दिया है। यहां पर 320 में से 357 आवेदन आए है। दाखिला के बाद पता चलेगा कि कितनी सीट खाली रह गई है।*

---




फतेहाबाद। समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते एडीसी अनुराग ढालिया।

## गली की निर्माण सामग्री को अन्य जगह लगवाने पर पार्षद पर कार्रवाई की मांग

- एडीसी ने समाधान शिविर में सुनीं लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया की अध्यक्षता में आज लघु सचिवालय में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एडीसी ने लोगों की शिकायतों को सुना और अधिकारियों को उनके निपटान के निर्देश दिए। समाधान शिविर में ग्राम पंचायत जांडली खुर्द ने लंबे रूट की बसे न रूकने, स्थानीय निवासी वेदप्रकाश ने दिव्यांग पेंशन बनवाने बारे, गांव सनियाना निवासी सरोजबाला व अन्य ने पीपीपी में इनकम कम करवाने बारे, सुलीखेड़ा निवासी मोहित ने फसल बीमा योजना के तहत मुआवजा राशि दिलावाने, दुर्गा मंदिर फतेहाबाद निवासी इंद्र सिंह ने दुकान व चौक रोकने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने, धारनियां निवासी दलीप सिंह ने राशन कार्ड फिर से चालू करवाने, फतेहाबाद निवासी मंगल आदि ने गली के निर्माण सामग्री को अन्य जगह लगवाने पर संबंधित पार्षद पर कार्यवाही करने, ढाबी कलां निवासी राजेन्द्र ने सेम की समस्या को खत्म करने के लिए लगाए गए सोलर ट्यूबवेल की शिकायत, धांगड़ निवासी सुखदेव सिंह ने धांगड़ से बरसीन कनेक्टिड रोड को नाजायज तरीके से अलॉटिड जगह पर ना बनवाने, धारनियां निवासी श्रीचंद ने पीपीपी में आय कम करवाने व गलत तरीके से चढ़े हुए वाहन को हटवाने, माजरा निवासी धर्मपाल ने ट्यूबवेल कनेक्शन जोड़ने, स्थानीय निवासी गुरचरन लाल ने डीएसपी रोड खतौनी नंबर 1401 व खसरा नंबर 712/1 में कोई नया नक्शा ना बनवाने, बड़ोपल निवासी माया देवी ने इंतकाल नंबर दुरूस्त करवाने तथा झलनियां और एमपी रोही निवासी प्रेम, संत रामदास आदि ने एपी फीडर के पोल पैमाइश के हिसाब से लगवाने बारे अपनी शिकायत अतिरिक्त उपायुक्त के समक्ष रखी।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर एसडीएम राजेश कुमार, डीएसपी जयपाल सिंह, डीडीपीओ अनूप सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

---

## पैसा हड़पने वालों पर हो सख्त कार्रवाई: सैनी

- शिवपुरी निर्माण घोटाले को लेकर धरना तीसरे दिन भी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

नगरपरिषद अधिकारियों द्वारा कथित भाजपा नेता से मिलीभगत करके शिवपुरी के निर्माण के राशि डकारे जाने के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरने के तीसरे दिन पूर्व पार्षद सुशील सैनी ने कथित भाजपा नेता पर नगरपरिषद व शहर के दानवीर लोगों के सहयोग की राशि से शिवपुरी के निर्माण कार्य करवाने में घोटाला करने का गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने नगरपरिषद के दो करोड़ 20 लाख रुपए की पेमेंट ठेकेदारों से लेकर हड़पने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह काम भाजपा नेता ने खुद करवाने की बात कही थी। शहर से भी करोड़ों रुपए एकत्रित किए गए परंतु काम नहीं करवाया गया। इस नेता के कारिंदे आपस में मिल जुल कर पैसा डकारने का काम कर रहे हैं। धरने का समर्थन करने पहुंचे श्री सनातन धर्म सभा के कार्यकारी अध्यक्ष नवीन केडिया ने कहा कि नगर परिषद ने किस बिनाह पर राशि जारी कर दी जबकि काम तो अभी चल ही रहा है। उन्होंने शहर के दानवीरों से भी अपील की कि शिवपुरी जैसे धार्मिक स्थल पर लगाए गए पैसे का हिसाब मांगें।




सिरसा। शिवपुरी निर्माण घोटाले को लेकर तीसरे दिन जारी धरने पर बैठे पूर्व पार्षद व अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

## असुरक्षा की स्थिति में 112 पर कॉल करें छात्राएं

- छात्राओं को आपातकालीन सेवा डायल 112 के उपयोग के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिला पुलिस द्वारा इंस्पैक्टर मंजू सिंह के नेतृत्व में जिले के विभिन्न कोचिंग संस्थानों में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को डायल 112 आपातकालीन सेवा तथा आधुनिक ट्रिप मॉनिटर सिस्टम के प्रति जागरूक करना था। अभियान के दौरान निरीक्षक मंजू सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि किसी भी आपात स्थिति जैसे कि छेड़छाड़, झगड़ा, सडक़ दुर्घटना, आगजनी, घरेलू हिंसा या अन्य किसी अपराध की स्थिति में डायल 112 पर तुरंत कॉल कर पुलिस सहायता प्राप्त की जा सकती है। यह सेवा 24&7 सक्रिय है, और कॉल प्राप्त होते ही नजदीकी ईआरवी यानि इमरजेंसी रिस्पॉन्स व्हीकल तत्काल घटनास्थल पर पहुंचती है। निरीक्षक मंजू सिंह ने ट्रिप मॉनिटर सिस्टम की जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रणाली डायल 112 वाहनों की सभी गतिविधियों को रीयल टाइम में ट्रैक करती है। इसमें गश्त की निगरानी, ठहराव का समय, तय मार्ग, रिस्पॉन्स टाइम आदि का विश्लेषण शामिल है। इस तकनीक से पुलिस की निगरानी क्षमता एवं जवाबदेही में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।




फतेहाबाद। छात्र-छात्राओं को डायल 112 बारे जागरूक करते इंस्पैक्टर मंजू सिंह।

### सुरक्षा सेवाओं की जानकारी देना उद्देश्य

निरीक्षक मंजू सिंह ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को सुरक्षा सेवाओं की जानकारी देना तथा उन्हें जागरूक और आत्मनिर्भर नागरिक बनाना है। उन्होंने विशेष रूप से छात्राओं से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की असुरक्षा की स्थिति में बिना झिझक डायल 112 पर कॉल करें।

---



फतेहाबाद। अंकित हत्याकांड में गिरफ्तार दोनों युवक। *फोटो: हरिभूमि*

## अंकित हत्याकांड के मास्टरमाइंड को साथी सहित किया गिरफ्तार

- रमेश उर्फ बकरा के खिलाफ 10 और वहीं दुसरे आरोपी के खिलाफ दर्ज है 15 मामले

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

भूना पुलिस ने अंकित हत्याकांड में वांछित दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान रमेश उर्फ बकरा तथा अश्वनी उर्फ मक्खन पुत्र रोशन लाल निवासी भुना के रूप में हुई है। इससे पूर्व इसी मामले में एक अन्य आरोपी विजय कुमार को भी पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जा चुका है। जांच के दौरान सामने आया कि रमेश उर्फ बकरा के खिलाफ चोरी, आर्म्स एक्ट व आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 10 आपराधिक मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं। वही दूसरे आरोपी अश्वनी उर्फ मक्खन के खिलाफ चोरी, मारपीट, डकैती और अन्य गंभीर अपराधों से जुड़े 15 मामले हरियाणा के विभिन्न थानों में दर्ज पाए गए हैं। थाना भूना प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि इस संबंध में 10 जून को मामला दर्ज किया गया था। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया कि प्रेम प्रसंग के चलते आरोपियों ने लाठी-डंडों और ईंटों से हमला कर अंकित की हत्या कर दी और फिर शव को भाखड़ा नहर में फेंक दिया, ताकि अपराध के साक्ष्य नष्ट किए जा सकें। पुलिस की सघन जांच और त्वरित कार्रवाई से अब इस मामले के मुख्य साजिशकर्ता रमेश उर्फ बकरा को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। सभी आरोपियों से पूछताछ जारी है और मामला गहन जांच के अधीन है।

## अनुशासन का पाठ पढ़ाते नजर आए कांग्रेस के केन्द्रीय पर्यवेक्षक, देरी से आए नेताओं को प्रथम पंक्ति में बिठाया

- युवा कांग्रेस नेताओं को मंच पर दी जगह, पंडाल में बजी जमकर तालियां

**फतेहाबाद।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष के चुनाव को लेकर संगठन सृजन बैठक में टोहाना में ऑब्जर्वर के सामने कांग्रेसियों के दो गुटों के आपस में भिडने के बाद ऑब्जर्वर आज फतेहाबाद में कार्यकर्ताओं को अनुशासन का पाठ पढ़ाते नजर आए। बीते दिन यहां पहुंची कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा ने भी कांग्रेस में अनुशासन पर बल दिया था। आज श्रीराम सेवा समिति धर्मशाला में हुई मीटिंग में केंद्रीय पर्यवेक्षक वाम्शी चंद रेड्डी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी पर्यवेक्षक पूर्व मंत्री अतर सिंह सैनी, राहुल मक्कड़ और सतबीर सिंह पहलवान मौजूद रहे। मीटिंग में हुड्डा समर्थक दो कार्यकर्ता थोड़ी देरी से आए तो कांग्रेस ऑब्जर्वर ने उन्हें अनुशासन का पाठ पढ़ाते हुए मीटिंग में प्रथम पंक्ति में जगह दी। इसके बाद उन्होंने नवचयनित युवा नेताओं को मंच पर जगह दी, जिस पर पंडाल में तालियां भी बजी। कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत यह मीटिंग श्रीराम सेवा समिति धर्मशाला में बुलाई गई थी। बैठक को संबोधित करते हुए ऑब्जर्वर रेड्डी ने कहा कि कांग्रेस अपना लोकतांत्रिक तरीके से संगठन तैयार करने में लगी हुई है। चुनाव के जरिए यूथ कांग्रेस के पदाधिकारी चुने गए हैं।

## मेडिकल स्टोर से 1575 नशीली गोलियां व कैप्सूल बरामद, संचालक को दिया नोटिस

**डबवाली।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गांव चौटाला के एक मेडिकल स्टोर पर छापा मारकर नशीली गोलियां व कैप्सूल बरामद किए हैं। पुलिस ने मेडिकल स्टोर संचालक को अनियमितताएं पाए जाने पर नोटिस दिया है। चौटाला पुलिस चौकी प्रभारी आनंद कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि गांव के शंकर मेडिकल स्टोर पर नशीली गोलियां व कैप्सूल बेची जा रही है। पुलिस ने ड्रग इंस्पेक्टर को साथ लेकर मेडिकल स्टोर पर छापा मारा। इस दौरान मेडिकल से 1575 नशे में प्रयुत होने वाली गोलियां व कैप्सूल मिले, जिन्हें ड्रग विभाग के हवाले कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि मेडिकल स्टोर पर अन्य अनियमितताएं भी मिली हैं जिस पर मेडिकल स्टोर संचालक को नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर के निर्देश पर मेडिकल नशा बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि नशा बेचने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। चौकी प्रभारी ने कहा कि पुलिस अधीक्षक ने थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि आमजन के सहयोग से मेडिकल नशा बेचने वालों पर पैनी नजर रखें, अगर किसी मेडिकल स्टोर संचालक की नशा बेचने में संलिप्तता पाई जाए तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें।

---

## सीएसआई की हरकतों से परेशान सफाई कर्मियों का ऐलान

# सफाई के अलावा कोई अन्य कार्य नहीं करेंगे सफाई कर्मी

- सीएसआई ने कर्मचारियों को 8 से 9 घंटे फील्ड में काम करने के जारी किए आदेश को लेकर रोष, सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

नगरपरिषद में मुख्य सफाई निरीक्षक यानि सीएसआई द्वारा बीते दिनों नगरपरिषद के सफाई कर्मचारियों को भला-बुरा कहने के बाद माफी मांगनी पड़ी थी, इसके बावजूद भी वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। वीरवार को सीएसआई ने फिर सफाई कर्मचारियों को उकसाते हुए नया फरमान जारी कर दिया। सीएसआई ने कर्मचारियों को 8 से 9 घंटे फील्ड में काम करने के आदेश जारी किए हैं। इसके बाद सफाई कर्मचारियों में फिर रोष फैल गया। सीएसआई के तुगलकी फरमान के खिलाफ आज नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी की और 8 से 9 घण्टे काम करने के ऑर्डर की प्रतियां जलाकर रोष जताया। आज धरने की अध्यक्षता ईकाई प्रधान विजय ढाका ने की तथा संचालन सचिव ओम प्रकाश लोट ने किया।



फतेहाबाद। नगरपरिषद में धरना देते कर्मचारी। *फोटो: हरिभूमि*

### सीएसआई जान बूझकर परेशान कर रहे: तोशामड़

धरने को संबोधित करते हुए राज्य वरिष्ठ उप प्रधान रमेश तोशामड़ ने बताया सीएसआई ने सफाई कर्मचारियों टारगेट करने के लिए जान बुझकर परेशान करने के लिए 8 से 9 घण्टे फील्ड में काम करने के ऑर्डर एसआई व सभी दरोगा को थमा दिए हैं जोकि न्याय उचित नहीं है। तोशामड़ ने बताया कि नगर पालिका सफाई मजदूर अधिनियम नियम 1976 के तहत सफाई कर्मचारियों के काम के घण्टे 5 से 7 घण्टे निर्धारित है जो कि नालियों की सफाई के अलग है और सड़कों की सफाई के अलग है और गलियों-मोहल्लों की सफाई के अलग है। संघ ने यह भी फैसला लिया कि सफाई कर्मचारी सफाई के काम के इलावा कोई काम नहीं करेंगे और ना ही सिंगल यूज प्लास्टिक चालान करने अधिकारियों के साथ जाएंगे, ना ही शहर से अतिक्रमण हटाने जाएंगे और ना ही साप्ताहिक छुट्टी, सरकारी छुट्टी के दिन काम करेंगे।



स्वास्थ्य
युविका धर योग प्रशिक्षक

बच्चो, अगर तुम्हें फिजिकली-मेंटली फिट एंड हेल्दी रहना है तो अपने डेली रूटीन में योगाभ्यास को जरूर शामिल करो। योगासन, बॉडी पोश्चर को सुधारने के साथ-साथ हमें टेंशनफ्री और रिलैक्स रखते हैं। यहां हम तुम्हारे लिए कुछ योगासनों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें तुम आसानी से कर सकते हो, ये बहुत प्रभावी भी हैं।

# ये योगासन तुम्हें रखेंगे फिट एंड हेल्दी



### सुखासन

**इसे करने** के लिए अपने पैरों को क्रॉस करके और पीठ को सीधा करके जमीन पर बैठ जाओ। अपने हाथों को अपने हृदय के मध्य में या घुटनों पर रखो। अब आंखें बंद करके धीरे-धीरे गहरी सांस लो और धीरे-धीरे छोड़ो।

**लाभ:** सुखासन करने से एकाग्रता यानी कंसंट्रेशन बढ़ाने में मदद मिलती है। तुम जो भी काम करते हो वह जल्दी और बहुत अच्छे से हो जाता है। *

### बद्धकोणासन



**इसे बाउंड** एंगल पोज या तितली मुद्रा भी कहा जाता है। बच्चो, इस आसन को तुम आराम से कर सकते हो। इसे करने में तुम्हें मजा भी आएगा। बद्धकोणासन करने के लिए सबसे पहले अपनी पीठ सीधी और पैरों को चौड़ा करके बैठ जाओ। अब पैरों को मोड़कर तलवों को एक-दूसरे के सामने रखकर पैरों से तितली की तरह फ्लाइंग मूवमेंट करो।

**लाभ:** इस आसन को करने से डाइजेशन सही रहता है। अगर पीठ का दर्द है तो इससे राहत मिलती है और मूड भी अच्छा बना रहता है। *

### मार्जरी आसन (बिल्ली मुद्रा)



**मार्जरी आसन** करने के लिए अपनी कोहनियों, कंधों और कलाइयों को सही पोजिशन में रखते हुए, अपने हाथों और घुटनों के बल टिक कर अपनी पीठ को झुकाओ और एक बिल्ली की तरह पोज बनाओ फिर 30 सेकेंड तक इसी पोजिशन में रुको। बच्चो, इस योग को करने में तुम्हें बहुत मजा भी आएगा।

**लाभ:** इस मजेदार आसन को करने से तुम्हारी पीठ की मसल्स मजबूत बनेंगी। साथ ही इससे तुम्हारा पोश्चर भी सुधार रहेगा, तुम स्मार्ट दिखोगे। *

### वृक्षासन



**इस आसन** को करने के लिए अपने हाथों को बगल में रखकर सीधे खड़े हो जाओ। अपना वजन एक पैर पर डालो और दूसरे पैर को उठाकर अपनी जांघ, टखने या पिंडली पर टिका दो। अपनी हथेली को आपस में एक साथ मिलाकर इसे दबाते हुए अपने सिर के ऊपर उठाओ। कुछ समय तक इसी पोजिशन में रुको फिर सामान्य हो जाओ।

**लाभ:** वृक्षासन से शरीर का संतुलन बनाए रखने में मदद मिलती है। इससे हमारा शरीर चुस्त-दुरुस्त रहता है। *

### वीरभद्रासन



**इस आसन** को 'वॉरियर पोज' यानी 'योद्धा मुद्रा' भी कहते हैं। वीरभद्रासन करने के लिए एक पैर को आगे बढ़ाकर ऊंची छलांग लगाने वाली मुद्रा में खड़े हो और सामने वाले घुटने को 90 डिग्री के कोण पर मोड़ो। अपने पिछले पैर को जमीन पर 45 डिग्री के कोण पर सीधा रखो। सांस बाहर छोड़ो और कुछ देर तक रोक कर रखो। इस आसन को करते हुए तुम अपने आप को स्ट्रॉन्ग और बैलेंस्ड फील करो।

**लाभ:** यह आसन तुम्हें भीतर से मजबूत बनाएगा। इसे करने से तुम्हारा आत्मविश्वास बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ने पर तुम कभी किसी काम के लिए ना नहीं कहोगे, तुम्हारी छवि एक योग्य व्यक्ति के रूप में बनेगी। *

### उत्कटासन



**इस आसन** को चेयर पोज भी कहा जाता है। उत्कटासन करने के लिए अपनी भुजाओं को सिर के ऊपर उठाओ, गहरी सांस लो और अपने घुटनों को आगे लाओ। अपनी जांघों को जमीन के समानांतर रखो। एक मिनट तक इसी पोजिशन में रुको फिर धीरे-धीरे पहले जैसी स्थिति में आ जाओ।

**लाभ:** उत्कटासन करने से तुम्हारे पैर की मसल्स मजबूत बनेंगी। तुम्हारी बैलेंसिंग केपेसिटी बढ़ेगी। साथ ही तुम्हारी मेंटल हेल्थ भी बेहतर रहेगी। *

● प्रस्तुतिः शिखर चंद जैन

# नियमित करो योग रहो स्वस्थ-निरोग



हर कोई शरीर और मन से स्वस्थ, निरोग रहना चाहता है। इसके लिए हमें योग जरूर करना चाहिए। योग का हमारे शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य पर बहुत ही अच्छा प्रभाव पड़ता है। बच्चो, जानो योग करने के क्या-क्या फायदे होते हैं।

सलाह
राकेश चक्र

योग का जन्मदाता अपना देश भारत है। योग भारत में तो लोकप्रिय है, आज इसे विश्व के अन्य देशों में भी अपना रहे हैं। योग हमारे तन-मन दोनों को ही स्वस्थ रखने का बहुत प्रभावी माध्यम है। इसलिए हर वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। योग के क्या-क्या लाभ हैं, इसकी जानकारी हर बच्चे को होनी चाहिए, जानो।

**स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी:** नियमित योग करने से हम स्फूर्तिवान बनते हैं। शारीरिक ही नहीं, मानसिक रूप से मजबूत बनते हैं। हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, हमारा शरीर निरोगी रहता है।



**बढ़ती है कार्यक्षमता:** चूंकि योग से हम स्वस्थ रहते हैं, इसलिए हमारी कार्यक्षमता बढ़ती है। इससे मन एकाग्रचित रहता है, याददाश्त बढ़ती है, बुद्धि तेज होती है। इस कारण हम अपने सभी काम जल्दी और बेहतर ढंग से कर पाते हैं। योग हमारी रचनात्मकता को बढ़ाता है। यह हमें शारीरिक गतिविधियों के प्रति जागरूक करता है, जिससे हम स्वस्थ रहते हैं।

**बढ़ता है आत्मविश्वास:** योग हमारे स्वास्थ्य को बेहतर रखने में सहायक रहता है। अगर इसे नियमित किया जाए तो इससे हमारा आत्मविश्वास यानी कॉन्फिडेंस बढ़ता है। बच्चो, हमारा कॉन्फिडेंस मुश्किल से मुश्किल काम को आसानी से करने का हौसला देता है। हम अपना काम सही ढंग से करने में सफल होते हैं।

**प्रकृति से जोड़ता है:** प्रायः योग किसी खुले स्थल जैसे पार्क आदि में किया जाता है, इसलिए इसे करने के दौरान हम प्रकृति के करीब आते हैं। योग की विभिन्न मुद्राएं, जैसे- हंस मुद्रा (हंस की तरह मुद्रा), वृक्षासन (पेड़ की तरह स्थिर कद), सिंहासन (शेर की तरह), मंडूकासन (मेंढक की तरह) आदि ऐसे आसन हैं, जो हमें प्रकृति को समझने का अवसर देते हैं, हमें प्रकृति से जोड़ते हैं। ये आसन पशु-पक्षियों एवं प्रकृति से ही सीख कर, प्रेरित होकर हमारे ऋषि-मुनियों द्वारा अपनाए गए हैं।

**दूर होती है हीन भावना:** जब लोग किसी दूसरे से खुद की तुलना करते हैं तो कई बार उनके मन में हीन भावना घर कर जाती है। इस तरह की हीन भावना उनकी सफलता में बाधक बनती है। योग हमें हीन भावना जैसे नकारात्मक विचारों से दूर रखता है। योग हमें खुद को बेहतर बनाने और बिना किसी से तुलना किए अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने में मदद करता है। योग आलस्य से दूर रखकर हमें परिश्रमी और जागरूक बनाता है।

बच्चो, इन सबके अलावा भी योग के अनेक फायदे हैं, जो तुम योग करते-करते खुद ही महसूस करोगे। योग तुम्हें शारीरिक-मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाकर हर दिन बेहतर बनने में मदद करता है। योग तुम्हारी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इसलिए अपनी दिनचर्या में योग को जरूर शामिल करो। *

## तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# रोचक विज्ञान कथाएं

कई बच्चे विज्ञान को बहुत कठिन विषय मानते हैं, उसके नियम और सिद्धांत उन्हें आसानी से समझ में नहीं आते हैं। लेकिन वास्तव में ऐसा है नहीं। विज्ञान को अगर मजेदार तरीके से पढ़ा और प्रायोगिक तौर पर समझा जाए तो यह तुम्हें सबसे रोचक विषय लगेगा। प्रसिद्ध विज्ञान कथा लेखक देवेंद्र मेवाड़ी द्वारा लिखी पुस्तक 'सुनो बात विज्ञान की' में संकलित दस कहानियां पढ़कर तुम इस बात को जरूर मानोगे। इस किताब में तुमको विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी बहुत ही रोचक कहानी के जरिए पढ़ने को मिलेगी। इन सभी कहानियों के मुख्य पात्र देवीदा, विज्ञान के बहुत अच्छे जानकार हैं, जो अपने आस-पड़ोस में रहने वाले कुछ बच्चों को विज्ञान से जुड़ी जानकारियां खिलंदड़े अंदाज में देते हैं। ये बच्चे (मानसी, गार्गी, नंदू, चेतन, विक्रम, सौरभ, शेफाली, विवेक आदि) अपने मन की सारी जिज्ञासाएं बेझिझक देवीदा से पूछते हैं, जिन्हें वे व्यावहारिक प्रमाण देकर उन्हें समझाते हैं। इन कहानियों में तुम चंद्रमा पर भारत के सफल चंद्रयान-3 मिशन के बारे में, धूमकेतुओं के बारे में, बिजली के आविष्कार के इतिहास के बारे में, पेड़-पौधों की महत्ता के बारे में, ऋतु चक्र में वसंत के महत्व के बारे में, जुगनुओं, पक्षियों, आलू की कहानी समेत प्राकृतिक आपदा सुनामी और होली पर नकली रंगों के इस्तेमाल से नुकसान के बारे में पढ़ सकते हो। इन्हें पढ़ने के दौरान तुम्हें जरा भी बोरियत नहीं महसूस होगी और तुम बहुत कुछ नया जान-समझ जाओगे। *




**किताब:** सुनो बात विज्ञान की, **लेखक:** देवेंद्र मेवाड़ी, **मूल्य:** 125 रुपए, **प्रकाशक:** साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली



कहानी
संतोष उत्सुक

आभास को अपने दोस्तों की देखा-देखी जंक फूड्स खाने का शौक हो गया। देखते-देखते उसका वजन बढ़ गया, वह मोटा दिखने लगा। मम्मी को चिंता हुई तो उन्होंने आभास को टोका, पापा ने भी उसे समझाया। क्या आभास पर अपने मम्मी-पापा के समझाने का कोई असर हुआ?

# भगाया मोटापा!



आभास के पापा का ट्रांसफर दूसरे शहर में हो गया था। नए शहर में आकर वह बहुत खुश और उत्साहित था। यहां उसके नए दोस्त बने। नए घर में शिफ्ट होने के बाद पापा ने आभास से कहा, 'बेटा, तुम्हें एक बड़े और अच्छे शहर में रहने का फायदा उठाना चाहिए। पढ़ाई, खेलकूद और अन्य गतिविधियों में भी हिस्सा लेना चाहिए। तुम्हारे नए स्कूल में ये सभी सुविधाएं उपलब्ध भी हैं। तुम इनका फायदा उठाओ।'

आभास का स्कूल जाना शुरू हुआ तो नए सहपाठी मिले, जिनमें से कई उसके मित्र बन गए। आभास के कई सहपाठी तो पड़ोस में ही रहते थे। स्कूल के बाद रोजाना सभी मिलते थे। आभास के कई मित्र, तरह-तरह की चीजें खाने के बहुत शौकीन थे। आपस में पढ़ाई-लिखाई के साथ मनपसंद चीजें खाने की बातें भी होती थीं। उन्हें जंक फूड्स बहुत पसंद थे। स्कूल के आस-पास जंक फूड के कई आउटलेट्स खुले हुए थे। स्कूल टाइम के बाद बच्चे मोमोज, स्प्रिंग रोल, चाऊमिन, पिज्जा, बर्गर और भी कई ऐसी चीजें मजे से खाते थे।

आभास पहले जंक फूड कभी-कभार ही खाता था, क्योंकि जहां वह रहता था, ये चीजें कम ही मिलती थीं। वह तरह-तरह की चीजें खाने का बहुत शौकीन था, इसलिए जब उसे ये चीजें रोज खाने को मिलने लगीं तो उसकी जुबान पर इनका स्वाद चढ़ गया। ज्यादा समय नहीं लगा, इन्हें खाकर उसका वजन बढ़ गया। दो महीने में ही आभास का पेट निकल आया। कुछ दिन बाद कमीज के निचले बटन मुश्किल से बंद होने लगे। कमर पर पैंट कसने लगी। एक दिन मम्मी ने कहा, 'बेटा, मुझे पता है तुमने जंक फूड ज्यादा खाना शुरू कर दिया है। तुम्हारा वजन बढ़ रहा है। यह अच्छी बात नहीं है। अपनी हेल्थ का ध्यान रखो।'

आभास बोला, 'मम्मी, आपको पता तो है मुझे मोमोज, पास्ता, पिज्जा, बर्गर और चाऊमीन बहुत पसंद हैं। पहले ये चीजें मैं कहां खा पाता था, अब चांस मिला है।'

मम्मी ने समझाया, 'बेटा, तुम पहले कभी-कभी खाते थे तो तुम्हारे शरीर पर ज्यादा असर नहीं होता था। तुम्हारा स्कूल भी घर से दूर था। पैदल भी खूब चलते थे। यहां स्कूल पास है और जंक फूड की दुकानें भी हैं। तुम अपना ध्यान रखो, नहीं तो मोटे होते जाओगे।'

आभास ने मम्मी की चेतावनी पर ध्यान नहीं दिया। नतीजा यह हुआ कि उसका वजन और ज्यादा बढ़ गया। कभी-कभार उसके मन में आता कि आज नहीं खाएगा, लेकिन अपने सहपाठियों के कहने और दुकान से आ रही खुशबू के कारण, वह ललचा जाता फिर जाकर वह खा लेता। जंक फूड खाने से उसे सुस्ती आने लगी। वह सुबह भी देर से उठता।


एक दिन फिर मम्मी ने आभास को चेताया कि वह मोटा होता जा रहा है। वह बोला, 'मम्मी, मैं अपनी हेल्थ का ध्यान दूंगा। मैं योग करके अपना बढ़ा हुआ पेट कम कर लूंगा।' लेकिन कई दिन बीतने पर भी जब आभास ने कुछ नहीं किया तो मम्मी ने चिंता से पापा से बात की।

रविवार को पापा ने आभास को अपने पास बुलाया और समझाया, 'बेटा, जंक फूड खाने से तुम मोटे हो रहे हो। तुम्हारा पेट बाहर निकल गया है। मोटापा एक बार आ जाए तो वापस मुश्किल से जाता है। अगर विद्यार्थी जीवन से ही संतुलित खाना खाया जाए और योग-व्यायाम किया जाए तो शरीर चुस्त रहता है। बेटा, मोटापा कई बीमारियों का कारण है। अच्छे स्वास्थ्य का कोई विकल्प नहीं। तुमको अनुशासन में रहकर खाना चाहिए ताकि पसंद का सब कुछ खा सको और वजन भी न बढ़े। बेटा, मुझसे वायदा करो कि नियमित योग करोगे, बढ़ा हुआ वजन एक महीने में कम कर लोगे।'

आभास को अपने पापा की बात, समझ में आ गई। उसने पापा से वायदा किया कि वह जंक फूड खाना बिल्कुल बंद कर देगा। अपना वजन घटाने और पेट अंदर करने के लिए रोजाना योग-व्यायाम करेगा।

सोमवार को स्कूल जाते समय आभास ने जंक फूड की दुकानों की तरफ देखा तक नहीं। उसने पक्का निश्चय कर लिया था कि अब उसे अपना वजन कम करना है। कुछ दिन बाद उसका वजन कम भी होने लगा। वह मन ही मन यह सोचकर खुश होता कि बहुत जल्दी अपने मोटोपे को घटा लेगा, फिट और फुर्तीला नजर आएगा। *

कविता
सूर्यकुमार पांडेय



## योग करें बन जाएं भीम

पापा बोले, 'योग करो तो,
दूर भागते रोग।
तन-मन की दिक्कतें मिटाए,
काया बने निरोग।'
एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य-
इस वर्ष के लिए थीम।
योग करे जो भी दुनिया में,
वह बन जाए भीम।'
मैं बोला, 'प्यारे पापा!
फिर चलो सिखाओ योग।
मैं भी रोज करूंगा,
कर के मुझे दिखाओ योग।'
योग दिवस इक्कीस जून को,
मना रहा संसार।
'एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य',
की गूंज रही जयकार।
अब पापा के साथ बैठकर,
मैं करता हूं योग।
देखा-देखी योग कर रहे,
घर के सारे लोग।

## जीके क्विज-158

1. हाल ही में किस पूर्व भारतीय कप्तान को आइसीसी के 'हॉल ऑफ फेम' में शामिल किया गया है?
2. जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर कौन थे?
3. एशिया का सबसे बड़ा ट्यूलिप गार्डन किस राज्य में स्थित है?
4. प्रसिद्ध लक्ष्मण मंदिर किस राज्य में स्थित है?
5. शुष्क बर्फ किस गैस के ठोस रूप को कहते हैं?
6. हमारे शरीर के बालों में कौन सा प्रोटीन पाया जाता है?
7. हल्दी घाटी का युद्ध कब हुआ था?
8. भारत में नेशनल डॉक्टर्स डे कब मनाया जाता है?
9. सफेद सोना (व्हाइट गोल्ड) किस धातु को कहा जाता है?
10. एवरेस्ट के शिखर तक पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला कौन थी?



बच्चों, जीके क्विज-158 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-157 का उत्तर:** 1.शतरंज, 2.कनाडा, 3.एनालेना बैरबॉक, 4.सुभाष चंद्र बोस, 5.ओडिशा, 6.मेगास्थनीज, 7.ओटावा, 8.विटामिन ए, 9.बैकाल, 10.किडनी

**जीके क्विज-157 का सही उत्तर देने वाले:** आशीष-दुर्ग, सौम्या-रायपुर, सागर-बिलासपुर, हिमांशु-बिलासपुर, गोल्डी-भोपाल, चेतन-रोहतक, कबीर-हिसार, गोदावरी-ईमेल से, चैतन्य-महासमुंद, राजन-बालोद, काव्या-दुर्ग

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां योग दिवस से जुड़े एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। इन चित्रों में छह अंतर हैं। तुम्हें ये सारे अंतर पांच मिनट में खोज कर बताने हैं, तो देर किस बात की, फटाफट सारे अंतर खोजो।



**उत्तर** : 1. सबसे आगे बैठकर योग कर रहे लड़के की टी-शर्ट का कलर बदला हुआ है। 2.नीचे बाईं तरफ एक फूल कम दिख रहा है। 3.ऊपर बाईं तरफ आकाश में दो की बजाय चार पंछी उड़ रहे हैं। 4.दाईं तरफ घर के ऊपरी हिस्से में दो वेंटिलेशन विंडो दिख रहे हैं। 5.दाहिनी तरफ घर के थोड़ा ऊपर एक मधुमक्खी दिख रही है। 6.नीचे दाईं तरफ तितली गायब है।

## रास्ता खोजो

बच्चो, ऋषि के दोस्त पार्क में योगाभ्यास कर रहे हैं, उसे इनके पास योगाभ्यास के लिए पहुंचना है। लेकिन पार्क तक पहुंचने का रास्ता बहुत टेढ़ा-मेढ़ा है। तुम ऋषि को अपने दोस्तों तक पहुंचने का रास्ता बताओ तो जरा।



## खबर संक्षेप

### हनुमान मंदिर में चोरी के मामले में युवक काबू

**फतेहाबाद।** बीघड़ रोड स्थित हनुमान मंदिर में हुई चोरी के एक मामले को सुलझाते हुए थाना सिटी फतेहाबाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कमल उर्फ कालू पुत्र सुखदेव सिंह, निवासी गांव बरसीन, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना सिटी प्रभारी उपनिरीक्षक ओमप्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि इस संबंध में राज बहोर शुक्ला पुत्र राम गरीब शुक्ला निवासी डोडो, थाना जवा, जिला रीवा, म.प्र., हाल निवासी बीघड़ रोड, फतेहाबाद द्वारा शिकायत दर्ज करवाई गई थी।

### हत्या के मामले में वांछित तीन आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** डिंग थाना में हत्या के मामले में पुलिस ने वांछित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। डिंग थाना प्रभारी उप निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि थाना डिंग में हत्या के मामले में वांछित आरोपी राजेंद्र सिंह पुत्र जोगिंद्र सिंह, हरप्रीत सिंह पुत्र सुखविंद्र सिंह व राजपाल सिंह पुत्र बलजिंद्र सिंह निवासी भावदीन को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि तीनों आरोपियों को अदालत में पेश करके चार दिन पुलिस हिरासत प्राप्त की गई है।

### ट्यूबवेल से तार चोरी के प्रयास में चौथा आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** थाना सदर फतेहाबाद के अंतर्गत आने वाली बड़ोपल पुलिस चौकी टीम ने कार्रवाई करते हुए ट्यूबवेल से तार चोरी के प्रयास के एक मामले में चौथे आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान सूबे सिंह उर्फ टुकी पुत्र चंद्रपाल निवासी एमपी रोही के रूप में हुई है। इस मामले में पुलिस पूर्व में ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है, जिनकी पहचान रामदयाल पुत्र सीताराम, सन्नी पुत्र धनपत तथा रिसाल पुत्र दीनानाथ निवासी मोहम्मदपुर रोही के रूप में हुई थी। इस संबंध में थाना सदर फतेहाबाद में बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज है।

### कार ने बाइक में मारी टक्कर, दंपति घायल

**फतेहाबाद।** जीटी रोड पर गांव भोडा होशनाक के समीप एक तेजगति कार ने पीछे से मोटरसाइकिल में टक्कर दे मारी। इस हादसे में बाईक सवार दम्पति घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। इस बारे सदर फतेहाबाद पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में सिरसा जिले के गांव सुचान कोटली निवासी सुमन पत्नी पवन ने कहा है कि गत दिवस वह अपने पति पवन के साथ बाइक पर सवार होकर अपने गांव से अपनी बहन के पास अग्रोहा से राजीवनगर झिरी जा रही थी। इसी दौरान हादसा हुआ।

### हादसे में मोटरसाइकिल सवार की मौत

**डबवाली।** बठिंडा रोड पर गांव मछाना के पास वीरवार एक दर्दनाक हादसा हुआ। इस हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान हरदेव कुमार, निवासी फ्रेंड्स कॉलोनी डबवाली के रूप में हुई है। हरदेव कुमार बाइक से बठिंडा की तरफ जा कि रास्ते में अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मारी जिससे हरदेव कुमार की मौत हो गई। पुलिस हादसे की जांच में जुटी है।

### प्रो. धर्मवीर व डॉ. संजूबाला को सौंपा अतिरिक्त कार्यभार

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने फिजिक्स विभाग के प्रो. धर्मवीर सिंह को भूगोल विभाग के अध्यक्ष का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। इसके अतिरिक्त फूड साइंस साइंस एंड टेक्नोलॉजी विभाग की एसोसिएट प्रो. एवं अध्यक्ष डॉ संजू बाला को फार्मेसी विभाग के अध्यक्ष का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। इस संदर्भ में कुलसचिव डॉ. अशोक शर्मा द्वारा अधिसूचना जारी की गई। फिजिक्स विभाग के प्रोफेसर एवं पूर्व अध्यक्ष प्रो. धरमवीर सिंह अहलावत को भूगोल विभाग का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।

---

## हर व्यक्ति अपने जीवन में योग को आत्मसात करें : डॉ. सुभाष चंद्र

# हाफ मैराथन में दौड़े शहरवासी, आज होगी योग दिवस कार्यक्रम की रिहर्सल

### सीईओ जिला परिषद डॉ. सुभाष चंद्र ने हाफ मैराथन को दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** सीईओ जिला परिषद डॉ. सुभाष चंद्र योग हाफ मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए। फोटो : हरिभूमि

योग का आमजन के जीवन में बड़ा महत्व है। योग व्यक्ति को शारीरिक व मानसिक तौर पर स्वस्थ बनाता है। हर व्यक्ति योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाए और दूसरों को भी योग करने के लिए प्रेरित करें। सीईओ जिला परिषद डॉ. भाष चंद्र ने वीरवार को योग हाफ मैराथन को हरी झंडी दिखाने उपरांत योग प्रोटोकॉल अभ्यास के दौरान उपस्थितजन को संबोधित करते हुए कही। 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में वीरवार को आयोजित योग हाफ मैराथन में खिलाड़ियों, स्कूली बच्चों के साथ-साथ शहरवासियों ने भाग लिया। सीईओ डॉ. सुभाष चंद्र ने कहा कि हर व्यक्ति अपने जीवन में योग को आत्मसात करें, तभी योग दिवस की सार्थकता सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि योग एक दिन करने की क्रिया नहीं बल्कि इसे नियमित रूप से करने की पद्धति है। योग से हम शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ होंगे। उन्होंने स्टेडियम परिसर में पौधारोपण भी किया और पर्यावरण स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार शरीर के स्वास्थ्य के लिए योग जरूरी है, उसी प्रकार पर्यावरण की स्वच्छता के लिए पौधरोपण जरूरी है। इस मौके पर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. राजकुमार, जिला योग समन्वयक सुरेंद्र पाल, हेमाराम, उमेश सहगल, चंद्र प्रकाश, डॉ. सुचेता, डॉ. नीलांजना, सुरेश, दिनेश, डॉ. राजेंद्र कुमार, सुमन योगी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी व योग प्रतिभागी मौजूद थे।

#### शहीद भगत स्टेडियम में होगा कार्यक्रम

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आगामी 21 जून को शहीद भगत सिंह स्टेडियम में जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत आगामी 20 जून को प्रातः 6 बजे शहीद भगत स्टेडियम में रिहर्सल की जाएगी।

### योग दिव्य मंदिर में तीन दिवसीय विशेष योगा शिविर का शुभारंभ



**फतेहाबाद।** 11वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में रतिया रोड पर स्थित योग दिव्य मंदिर में तीन दिवसीय विशेष योगा शिविर का आज दीप प्रज्जवलित करके शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में भाजपा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने शिरकत की। यहां पहुंचने पर योग दिव्य मंदिर के पदाधिकारियों ने प्रवीण जोड़ा का स्वागत किया। प्रवीण जोड़ा ने सभी साधकों के साथ योगाभ्यास किया तथा दूसरों को भी योग के प्रति प्रेरित किया। बीजेपी जिलाध्यक्ष ने कहा कि योग से जीवन निरोगी और उत्साहपूर्ण बनता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब पहली बार देश के प्रधानमंत्री बने थे, तब उन्होंने भारतवासियों को स्वस्थ और निरोगी बनाने के उद्धेश्य से 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाये जाने की घोषणा की थी। योग भारतीय इतिहास का महत्वपूर्ण अंग है, इसे आज केवल भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अपनाया जा रहा है। भारत के संत महात्मा, ऋषियों के द्वारा योग साधना और मेडिटेशन की सीख दी गई थी। योग हमारी अंतर आत्मा को मजबूत करता और बाहरी शरीर को भी स्वस्थ बनाता है। जोड़ा ने जिलावासियों से आह्वान किया आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय व मंडल स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर भाग लें तथा योग को अपने जीवन में धारण करें। इस अवसर पर उनके साथ विकास शर्मा, रामकुमार मेहरा, बनवारी लाल गहलोत, राजेश मुट्यार मौजूद रहे।

---

## जलघर में डूबने से 7 वर्षीय बच्चे की मौत

- जल घर के पास खेल रहा था बच्चा तभी पांव फिसलने से पानी गिरा


**टोहाना।** अस्पताल में जमा परिजन

**टोहाना।** उपमंडल के गांव समैन में नांगली रोड पर बने नए जलघर में डूबने से एक बच्चे की मौत हो गई जिसकी उम्र करीब 7 साल बताई गई है। मृतक बच्चे का नाम सोमवीर है। इलाज के लिए उसे नागरिक अस्पताल में ले जाया गया जहां चिकित्सा ने बच्चों को मृत घोषित कर दिया परिजनों बिना कोई कार्रवाई शव को अपने घर ले गए हैं। जानकारी अनुसार गांव समैन निवासी 7 वर्षीय सोमवीर गांव में बने नए जल घर के पास तीन चार बच्चों के साथ खेल रहा था तभी अचानक वहां उसका पांव फिसलने से वह जल घर में जा गिरा। वहां खेल रहे बच्चों ने शोर मचा दिया तो आसपास से ग्रामीण इकट्ठा हो गए। करीबन 1 घंटे बाद सोमवीर को जल घर से बाहर निकल गया और उसे टोहाना के नागरिक अस्पताल में ले जा गया। जहा चिकित्सक ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। वहीं ग्रामीण प्रदीप ने बताया कि सोमवीर जल घर के पास खेल रहा था तभी अचानक वहां उसका पांव फिसलने से वह पानी में जा गिरा तो उसे बाहर निकालने के बाद तुरंत नागरिक अस्पताल में लाया गया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया है।

## ट्रैक्टर चालक ने स्वयं रच डाली लूट की साजिश, पुलिस ने किया खुलासा

**डबवाली।** पुलिस ने ट्रैक्टर चालक द्वारा रची गई लूट की साजिश का पर्दाफाश करते हुए उसके द्वारा गबन किए गए 38,800 रुपए की राशि बरामद की है। चौटाला चौकी पुलिस प्रभारी चौकी चौटाला उप निरीक्षक आनंद कुमार ने बताया कि 18.06.2025 को आरोपी राम सिंह पुत्र दलबारा सिंह निवासी घुमियारा जिला श्रीमुक्तसर साहिब पंजाब ने थाना सदर डबवाली में दी गई शिकायत में बताया कि वह सोनू उर्फ कुलदीप चावला निवासी मंडी डबवाली जो लकड़ी का ठेकेदार है, का ट्रैक्टर चलाता है। वह 17 जून को डबवाली से सफेदे की लकड़ी लोड करके प्लाईवुड फैक्ट्री में देने जा रहा था। लकड़ी वहां पर देकर लकड़ी बेचने से प्राप्त हुई राशि 38,400 रुपए लेकर वापिस डबवाली आ रहा था। जब वह गांव चौटाला के नजदीक पहुंचा तो दो बाइकों पर सवार लोगों ने उससे वह राशि लूट ली। जिस पर चौकी चौटाला पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए जानकारी के आधार पर सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाले व घटना स्थल के नजदीक सीसीटीवी कैमरा चेक करने पर वारदात के संबंध में कोई साक्ष्य न मिलने व हालात संदेह जनक पाए जाने पर प्रभारी चौकी चौटाला उप निरीक्षक आनंद ने वैज्ञानिक तरीके अपनाते हुए गहनता से तस्दीक किए जाने पर मामले का खुलासा हुआ कि ट्रैक्टर चालक ने षड्यंत्र के तहत खुद अपने मालिक के पैसे हड़पने के लिए वारदात का झूठा आडंबर रचा जो ट्रैक्टर चालक राम सिंह से हड़पी गई राशि 38,800 रुपए बरामद कर ली।

---

## पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में स्नेहा प्रथम

- रक्तदान के प्रति युवाओं को किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


**सिरसा।** पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का अवलोकन करते चिकित्सा अधिकारी डा. पवन कुमार व अन्य। फोटो : हरिभूमि

नागरिक अस्पताल परिसर में विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. पवन कुमार ने किया। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी करवाई गई, जिसमें स्नेहा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, रुचि ने द्वितीय और अर्चना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को डा. पवन कुमार, बीटीओ डा. समता तथा प्राचार्या बिमला रानी द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन किशोरावस्था परामर्शदाता कमल कक्कड़ व नेत्रदान काउंसलर राहुल शर्मा ने किया। बच्चों को रक्तदान के महत्व की जानकारी देते हुए बसंत सैनी द्वारा विषय से संबंधित पठन सामग्री भी वितरित की गई।

डा. पवन कुमार ने बताया कि ऐसे मरीजों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा जिन्होंने जीवन के लिए ट्रांसफ्यूजन यानि संचरण सहयोग की जरूरत होती है और हर एक व्यक्ति की भूमिका को रेखांकित कर किया जाएगा जो रक्त या प्लाज्मा जैसा बहुमूल्य उपहार दे सकता है।

## नशा मुक्त भारत का छात्रों ने लिया संकल्प

**सिरसा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बप्पां में वीरवार को अभ्यास के लिए एक विशेष कार्यक्रम हुआ। इस आयोजन में विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से नशे के विरुद्ध एकजुटता का परिचय देते हुए घर-घर योग और स्वास्थ्य का संदेश पहुंचाने का बीड़ा उठाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रेडक्रॉस प्रभारी नरेश कुमार ग्रोवर ने की। उन्होंने कहा कि योग न केवल हमारे शरीर को संतुलन प्रदान करता है, बल्कि यह मानसिक रूप से भी हमें दृढ़ बनाता है। नशा हमारे जीवन और समाज के लिए एक गंभीर संकट है, जिसे जड़ से समाप्त करने के लिए हमें घर-घर जागरूकता फैलानी चाहिए।

## राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारी को लेकर हुई कन्वेंशन

- सरकारी विभागों को बड़े पूंजीपतियों को बेचने का काम कर रही है सरकार : देवेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


**सिरसा।** सिरसा में आयोजित कन्वेंशन में भाग लेते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

कर्मचारी नेता देवेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार ने सत्ता से पहले बहुत बड़े-बड़े वादे किए थे। भाजपा सरकार ने पिछले 11 साल में एक भी मांग कर्मचारियों की पूरी नहीं की है। सभी वर्ग किसान, मजदूर, कर्मचारी, व्यापारी, छात्र आंदोलनरत हैं। सरकार सभी विभागों को बड़े पूंजीपतियों को बेचने का काम कर रही है। देवेंद्र सिंह वीरवार को सिरसा के पटवार भवन में हरियाणा पावर कार्पोरेशन वर्कर द्वारा राष्ट्र व्यापी हड़ताल को लेकर आयोजित जिला स्तरीय कन्वेंशन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार श्रम सुधार कानून में मजदूर विरोधी बदलाव कर रही है, जिससे शोषण बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि आगामी 9 जुलाई को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी हड़ताल ऐतिहासिक होगी। उन्होंने कहा कि कर्मचारी लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। कर्मचारियों की मांग है कि कच्चे कर्मचारियों को बिना शर्त पक्का किया जाए, पुरानी पेंशन बहाल की जाए, विभागों में खाली पड़े लाखों बेरोजगारों को स्थाई भर्ती से भरा जाए, बिजली निगम में हजारों पद खाली हैं, कर्मचारियों को ढाई-ढाई सौ किलोमीटर दूरी नौकरी करने के लिए मजबूर किया जाता है, कर्मचारियों की जिला वाइज ड्यूटी होनी चाहिए आदि मांगे शामिल है।

---

## रास्ता पूछने के बहाने मारपीट कर लूटी नकदी, आरोपी गिरफ्तार

- स्नैचिंग एवं मारपीट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया


पुलिस गिरफ्त में लूटपाट का आरोपी।

**फतेहाबाद।** गांव हसंगा के पास हुई लूटपाट की वारदात का खुलासा करते हुए सीआईए टोहाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गुरप्रीत उर्फ गोपी पुत्र जसवंत सिंह निवासी ढाणी घोटडू के रूप में हुई है। आरोपी के विरुद्ध थाना भूना में स्नैचिंग एवं मारपीट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। डीएसपी यातायात फतेहाबाद कुलवंत सिंह ने बताया कि 16 जून को लगभग 11:30 बजे, शिकायतकर्ता महाबीर सिंह पुत्र जगमाल सिंह निवासी हसंगा ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार वह नाढोड़ी बैंक से 60 हजार रुपये की नकदी निकालकर अपने घर लौट रहा था। रास्ते में एक अज्ञात युवक ने रास्ता पूछने के बहाने उसे रोका और फिर मारपीट कर उसकी जेब से 60 हजार छीन लिए और मौके से फरार हो गया।

## वनवासी कल्याण आश्रम पहुंचा पूर्वोतर राज्यों के छात्रों का दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


**सिरसा।** बनवासी कल्याण आश्रम पहुंचा बच्चों का भ्रमण दल। फोटो : हरिभूमि

पूर्वोत्तर राज्यों में शिक्षण संस्कार ग्रहण कर रहे बच्चे गुरूवार को बनवासी कल्याण आश्रम पहुंचे तथा उन्होंने अपनी भावपूर्ण प्रस्तुतियों से पूर्वोत्तर की संस्कृति का परिचय करवाया। कार्यक्रम के अध्यक्ष देश कमल बिश्रोई ने कल्याण आश्रम द्वारा किए जा रहे राष्ट्र कल्याण के कार्यों की जानकारी दी तथा लोगों का आह्वान किया कि वे राष्ट्र निर्माण के लिए किए जा रहे कल्याणकारी कार्यों में संस्था को बढ़चढ़ कर आर्थिक सहयोग करें। इस मौके पर डॉ. सुरेंद्र मल्होत्रा, राजेंद्र रातुसरिया, खेमचंद्र बैनीवाल, नमिता बिश्नोई, अभिषेक गुप्ता, रामसिंह यादव, जगतार सिंह, कुनाल, नरेश, हनुमान, राहुल बिश्नोई, नगरपरिषद चेयरमैन वीर शांति स्वरूप, गुरमेल सिंह, अंग्रेज सिंह के अलावा विभिन्न गांवों के सरपंच, पंचायत समिति सदस्य व प्रबुद्ध नागरिक मौजूद थे।

## एनआईसी निदेशक ने किया सिरसा का दौरा

आईटी परियोजनाओं और ई-गवर्नेंस पर हुई महत्वपूर्ण चर्चा


**सिरसा।** एनआईसी निदेशक का स्वागत करते अधिकारी।

**सिरसा।** राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के निदेशक व एएसआईओ अनुज महाजन व गुरप्रीत लहल ने वीरवार को जिला सिरसा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने उपायुक्त शांतनु शर्मा से मुलाकात की और जिले में केंद्र व राज्य सरकार की चल रही तथा प्रस्तावित आईटी परियोजनाओं और ई-गवर्नेंस पहलों की प्रगति पर चर्चा की। बैठक में एनआईसी के जिला सूचना विज्ञान अधिकारी सिकंदर और अतिरिक्त जिला सूचना विज्ञान अधिकारी हरीश भी मौजूद रहे। डीआईओ सिकंदर ने निदेशक अनुज महाजन व गुरप्रीत लहल से जिले में डिजिटल पहल और आईटी अवसंरचना की वर्तमान स्थिति से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। निदेशक अनुज महाजन ने साइबर सुरक्षा को मजबूत करने और डिजिटल बुनियादी ढांचे की रक्षा के लिए जागरूकता कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सभी अधिकारियों को सरकारी ईमेल आईडी का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया, ताकि आधिकारिक संचार अधिक सुरक्षित और विश्वसनीय बन सके।

---

### सुआ से हमला कर नकदी लूटने के मामले में चौथे आरोपी काबू

फतेहाबाद। रतिया पुलिस ने एक युवक पर हमला कर नकदी लूटने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान सन्नी पुत्र राजकुमार उर्फ राजू निवासी वार्ड नं. 12 रतिया के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से वारदात में प्रयोग किए गए मोटरसाइकिल के अलावा 2,600 नकद, वारदात में प्रयुक्त सुआ भी बरामद कर लिया है। इस मामले में तीन आरोपियों साहिल उर्फ सागर पुत्र कृष्ण चंद, नंदू पुत्र उदयभान व अक्षय उर्फ गप्पड़ पुत्र राकेश निवासी शिमलापुरी कालोनी, रतिया को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। थाना शहर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक रणजीत सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 17 जून को कुलदीप निवासी रत्ताखेड़ा की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

**चर्चा** ‘एक पेड़ मां के नाम’ योजना को लेकर रतिया में सेल्फ हेल्प ग्रुप महिलाओं की मीटिंग

## जनस्वास्थ्य विभाग और शहरी आजीविका मिशन जल्द चलाएंगे पौधरोपण अभियान : शर्माचंद

योजना का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण के साथ पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया


**रतिया।** सेल्फ हेल्प गुरप महिलाओं की मीटिंग लेते जिला सलाहाकार शर्माचंद लाली।

एक पेड़ मां के नाम योजना केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा है। यह बात जन स्वास्थ्य अभितांत्रिकी विभाग के जिला सलाहाकार शर्मा चंद लाली ने वीरवार को रतिया में सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं की मीटिंग के दौरान कही।

यह कार्यक्रम पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट व राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन स्टॉफ के साथ स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए आयोजित किया गया था।

#### पौधरोपण के स्थान का चयन, 400 से 500 पौध लगाए जाएंगे

जिला सलाहाकार शर्मा चंद लाली ने कहा कि केंद्र सरकार की पहल पर हरियाणा में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन सांझा प्रयास करते हुए जल्द ही पौधेरोपण अभियान चलाने जा रहा है। इसके लिए सबसे पहले भारत सरकार के मेरा भारत पोर्टल पर शहरी क्षेत्र की सामुदायिक जगहों को चुनते हुए रजिस्टर्ड किया गया है। इसमें प्रमुखता से जल स्रोत के पास की खाली जमीन जैसे जल घर, पार्क, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट आदि को शामिल किया गया है। इसके लिए पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट की तकनीकी विंग के साथ जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन संबंधित पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट व राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के नॉडल ऑफिसर व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को शामिल किया गया है। सभी टीमों ने मिलकर संयुक्त रूप से पौधरोपण के स्थान का चयन किया है। रतिया शहर के जलघर व एसटीपी सहित 2 स्थानों का चयन किया गया है। जहां कुल मिलाकर 400 से 500 पेड़ लगाए जा सकते है। इस मौके पर किरण रानी ने कहा कि पौधरोपण का उद्धेश्य न केवल पर्यावरण की सुरक्षा है बल्कि एक पेड़ माँ के नाम से ही प्रतीत होता है कि यह समाज को अपने परिवार की धुरी यानि माँ को समर्पित है और अभियान का यह नाम स्वयं सेवकों द्वारा लगाए गए पेड़ों से भावनात्मक जुड़ाव पैदा करेगा जिससे की संबंधित लोग पेड़ों की सेवा और ज्यादा मन से करेंगे। इस मौके पर सुनीता रानी, ऊर्जा रानी, प्रेम जीत, प्रियंका, सुनीता रानी, हीना, मलकीत, मोनिका, कमलेश रानी, शालू, निर्मला देवी, करमजीत कौर, वीना रानी, अनीता रानी, संगीता रानी, नीरू रानी रतिया शहर से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं सहित विभाग के अन्य कर्मचारी व अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### शिक्षक से हजारों रुपये हड़पे, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** साइबर ठगों ने वर्क फ्रॉम होम कर आसानी से पैसे कमाने का झासा देकर एक टीचर से हजारों रुपये हड़प लिए। पुलिस को दी शिकायत में प्रताप कालोनी टोहाना निवासी मीनाक्षी शर्मा ने कहा है कि वह प्राइवेट स्कूल में टीचर है। कुछ दिन पहले उसने इंस्टाग्राम पर ग्लोबल बुक पब्लिकेशन पेज पर वर्क फ्रॉम होम की ऐड देखी और लिंक पर क्लिक कर दिया। इसके बाद नितिन नामक युवक का रिप्लाई आया और कहा कि वह 500 रुपये में अपना पंजीकरण करवा ले जोकि उसने करवा लिया। ठगों ने उसे 5-6 बार में 60 हजार 700 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करवा ली।

### भारतीय भाषा समर कैंप का हुआ समापन

**फतेहाबाद।** गांव बड़ोपल में स्थित केंद्रीय विद्यालय में सात दिवसीय भारतीय भाषा समर कैंप का समापन किया गया। कैंप का उद्देश्य छात्रों में भारतीय भाषाओं के प्रति सम्मान, रुचि, विविधता की समझ तथा भाषाई भारतीय सौहार्द की भावना को प्रोत्साहित करना था। कैंप में कक्षा 6 से 8 के कई विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्य दयानंद जोइया ने बताया कि भारत की भाषा एवं सांस्कृतिक विविधता हमारी राष्ट्रीय धरोहर है तथा सात दिवसीय भारतीय भाषा समर कैंप में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों के साथ सांझा किया गया। कैंप के दौरान शिक्षक प्रिंस पाल सिंह द्वारा विद्यार्थियों को पंजाबी भाषा को पढ़ाया व सिखाई गया। उन्होंने भाषा के साथ पंजाबी खाना व संगीत यंत्र के बारे में भी जानकारी प्रदान की।

### आईआईटी के समर्थन में भगत धन्नाजी ट्रस्ट

**सिरसा।** सिरसा में आईआईटी बनाए जाने की जोर पकड़ रही मांग की कड़ी में वीरवार को भगत धन्नाजी ट्रस्ट ने भी इस मांग का समर्थन करते हुए सरकार से मांग की है कि शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़े सिरसा जिले में ही आईआईटी बनाया जाए। भगत धन्नाजी ट्रस्ट के संरक्षक डॉ. राजेंद्र कड़वासरा, प्रधान अमरीक सिंह राही, महिला प्रधान सरपंच रीटा कासनिया, कोषाध्यक्ष डॉ. रामकिशन खोथ, कमलदीप शर्मा, इंद्रपाल कसवां, कमल कसवां, महेंद्र घणघस, डॉ. गुरभेज सिंह ढिल्लों, डॉ. अशोक ढिल्लों, सुभाष बाजेकां, अजमेर सिंह बाजेकां, संदीप बराड़, मुकेश लाखलान, अंग्रेज सिंह औलख व अन्य ने समर्थन किया।

### अवैध पिस्तौल सहित आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने चाहरवाला-शकरमंदोरी रोड पर गश्त के दौरान एक युवक को अवैध पिस्तौल सहित काबूकिया है। आरोपी की पहचान अमित कुमार निवासी रामपुरा ढिल्लो के रूप में हुई है। पुलिस टीम गश्त के दौरान चाहरवाला-शकरमंदोरी रोड पर मौजूद थी। इसी दौरान टीम सदस्यों को सडक़ किनारे एक युवक खड़ा दिखाई दिया। पुलिस पार्टी को देखकर युवक घबराकर भागने लगा। टीम ने उसे काबू कर तलाशी ली तो अवैध पिस्तौल बरामद हुआ। टीम सदस्यों ने जब पिस्तौल के लाइसेंस के बारे में पूछताछ की तो युवक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज किया है।

## फतेहबाद व सिरसा में किया प्रदर्शन, आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग

# रोडवेज का चक्का जाम, यात्री परेशान

■ फतेहाबाद डिपो के कर्मचारी के साथ मारपीट पर भड़के रोडवेज कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा





**सिरसा।** हड़ताल के चलते धरने पर बैठे रोडवेज कर्मचारी तथा सुनसान पड़ा बस अड्डा परिसर। फोटो :हरिभूमि

रोडवेज परिचालक से मारपीट करने का मामला पूरी तरह गरमा गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सिरसा में रोडवेज कर्मचारियों ने चक्का जाम रखा और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। रोडवेज का चक्का जाम होने से जहां सवारियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में कठिनाई हुई, वहीं प्राइवेट बस संचालकों व टैक्सी चालकों ने हड़ताल का खूब लाभ उठाया। हालांकि हिसार-फतेहाबाद व सिरसा डिपो को छोडक़र अन्य डिपुओ से बसें सिरसा पहुंची, लेकिन हड़ताली कर्मचारियों ने उन्हें बस अड्डा में जाने से रोक दिया। कुछ दूरी पर ही बसें रूकी और यहां से सवारियां भरकर अपने रूटों पर चली। चक्का जाम रहने से रोडवेज विभाग को राजस्व का भी नुकसान हुआ है। हड़ताल कर्मचारियों ने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही हमलावरों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो सांझा मोर्चा प्रदेश स्तर पर रोडवेज का चक्का जाम करेगा। रोडवेज की हड़ताल के चलते दिल्ली की तरफ जाने वाले यात्रियों ने रेल का सहारा लिया और अपने गंतव्य तक पहुंचे।

कर्मचारी नेता पृथ्वी सिंह चाहर, चमन लाल स्वामी, लादूराम, मदनलाल खोथ आदि ने बताया कि बताया कि बीती 16 जून को हरियाणा राज्य परिवहन फतेहाबाद डिपो की एक बस हरिद्वार से फतेहबाद आ रही थी। जब हिसार बस अड्डे पर पहुंची तो सवारियों के साथ कुछ युवक भी बस में बैठ गए। परिचालक कृष्ण कुंडू द्वारा एक युवक को टिकट लेने के लिए कहा तो उसने जवाब दिया कि मैं टिकट नहीं लूंगा और मुझे ढंडूर उतार देना। परिचालक ने कहा कि गाड़ी लंबे रूट की है और ढंडूर स्टॉप नहीं है। इसके बाद युवक परिचालक से झगड़ा करने लगा और अपने 10-15 साथियों को बुलाकर कृष्ण पर हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गया। परिचालक को गंभीर चोटें आई हैं और उसका इलाज अग्रोहा अस्पताल में चल रहा है। कर्मचारी नेताओं ने बताया कि प्रशासन द्वारा आरोपियों पर कोई कार्रवाई न करने के विरोध में 18 जून को फतेहाबाद डिपो के कर्मचारियों ने फतेहाबाद डिपो व टोहाना सब डिपो बंद करके हड़ताल कर दी है, लेकिन फिर भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं है। 18 जून की शाम को फतेहाबाद डिपो में सांझा मोर्चा की राज्य स्तरीय कमेटी की बैठक हुई, जिसमें निर्णय लिया गया कि 19 जून को सिरसा, फतेहाबाद व हिसार डिपो में हड़ताल रखी जाएगी। कमेटी के फैसले के अनुसार आज तीन जिलों में रोडवेज का चक्का जाम किया गया है।

हड़ताली कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि शाम तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो राज्य स्तर पर रोडवेज का चक्का जाम किया जाएगा। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि रोडवेज विभाग में चालक-परिचालक सुरक्षित नहीं है। हर रोज किसी न किसी डिपो के चालक व परिचालक के नाजायज मारपीट की जा रही है। सरकार व प्रशासन द्वारा ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है, जिससे हमलावरों के हौंसले बुलंद हैं।

इसी प्रकार 15 मई को जीरकपुर में चंडीगढ़ डिपो के चालक व परिचालक हिम्मत पर जानलेवा हमला करने के आरोपियों को भी अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया। जीरकपुर व फतेहाबाद डिपो के चालक-परिचालकों पर जानलेवा हमला करने के आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए।

### विद्यार्थियों के साथ आमजन बेहाल

*सिरसा बस स्टेंड पर पहुंचे यात्री रवि ने कहा कि उसे पेपर देने के लिए राजस्थान जाना था। इसके लिए वह सुबह 7 बजे ही गांव से चलकर बस अड्डे पहुंचा था, मगर संगरिया की बस नहीं मिल पाई। इसी प्रकार एक अन्य यात्री सुखबीर सिंह ने कहा कि ग्रामीण रूटों पर सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ी है। लंबे रूटों पर जाने वालों को भी प्राइवेट बसों का सहारा लेकर दूसरे जिलों तक जाना पड़ रहा है। वहां जाकर लंबे रूट की बस ले पा रहे हैं। इसी प्रकार यात्री पंकज कुमार ने कहा कि उसे हिसार आवश्यक कार्य से जाना था मगर रोडवेज की कोई बस मिल नहीं रही है और काफी परेशानी झेलनी पड़ी है।*

### ग्रामीण रूट हो रहे सबसे अधिक प्रभावित

*रोडवेज बसों का चक्का जाम होने के कारण सबसे अधिक ग्रामीण रूट प्रभावित हुए। इनमें सिरसा से चौपटा, रानियां, संगरिया, खारियां, कालांवाली और आसपास के गांवों में जाने के लिए यात्रियों के पास निजी वाहनों के अलावा कोई दूसरा साधन नहीं था। सिरसा और फतेहाबाद से हिसार तक जाने के लिए यात्रियों को महज 110 प्राइवेट बसों का ही सहारा मिला। ऐसे में इन निजी बसों में यात्रियों की अत्याधिक भीड़ देखने को मिली। वहीं रोडवेज की इस हड़ताल का लाभ सबसे अधिक निजी वाहनों ने उठाया ।*



**सिरसा।** सिरसा में किसानों के साथ चर्चा करते बीकयू अध्यक्ष संजीव तोमर व अन्य।

# बीकेयू अध्यक्ष ने किसानों के मुद्दों पर किया मंथन

■ स्मार्ट मीटर के नाम पर उपभोक्ताओं को ठगा जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

बीकेयू (तोमर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव तोमर ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकारों द्वारा बिजली उपभोक्ताओं को लूटने के लिए स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। संजीव तोमर गुरुवार को सिरसा में किसानों से बातचीत कर रहे थे।

### प्रक्रिया चल रही

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के कई जिलों में स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया चल रही है। किसान नेता कहा कि सरकार व पूंजीपति मिलकर उपभोक्ताओं से खुली लूट के लिए स्मार्ट मीटर लगा रहे हैं। स्मार्ट मीटर बिजली की खपत से कहीं ज्यादा तेज रीडिंग निकालता है, इसलिए हमें इसका विरोध करना चाहिए। यूपी के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली सप्लाई के हालात बहुत खराब हैं। हरियाणा सरकार भी सरकारी कार्यालय में स्मार्ट मीटर लगाकर धीरे-धीरे आम उपभोक्ताओं पर इसे जबरन थोपने की तैयारी कर रही है। इस दौरान उनके साथ किसान नेता पवन त्यागी, महबूब चौधरी, दीपक तोमर, मुकेश गुर्जर, निखिल चौधरी, सद्दाम अंसारी, हनी चौधरी आदि मौजूद थे। सिरसा पहुंचने पर भारतीय किसान एकता के प्रधान लखविंद्र सिंह ने सभी का स्वागत किया। बीकेई प्रदेशाध्यक्ष लखविंदर सिंह ने बताया कि इस दौरान देशव्यापी किसानी मुद्दों पर विचार चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन पार्ट-1 में बीकेयू तोमर की पूरी टीम गाजीपुर बॉर्डर पर आंदोलनरत थी। 2020 में भाजपा द्वारा थोपे गए तीनों काले कृषि कानून वापस करवाने में इनकी भी अहम भूमिका रही है। किसान आंदोलन पार्ट-2 में भी खनौरी बॉर्डर पर समय-समय पर हाजरी लगाते रहे हैं। लखविंद्र सिंह ने ने कहा कि 2020 में देशव्यापी चले किसान आंदोलन ने पूरे देश भर के किसानों-मजदूरों को एक कर दिया है। आने वाले समय में भी सरकारों की किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ एकजुट होकर लड़ाई लड़ी जाएगी।

# कांग्रेस पार्टी में टूट तय : चौटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना



**भूना।** कार्यकर्ताओं से संवाद करते अभय चौटाला।


हरियाणा की राजनीति में जल्द बड़ा बदलाव हो सकता है। इनेलो सुप्रीमो अभय सिंह चौटाला ने दावा किया कि कांग्रेस संगठन चुनाव के बाद पूरी तरह बिखर जाएगी। उनका कहना है कि कांग्रेस में प्रदेशाध्यक्ष को लेकर मची खींचतान से साफ है कि पार्टी में नेतृत्व का संकट गहरा गया है। इसका सीधा लाभ इनेलो को मिलेगा। वीरवार को अभय चौटाला हिसार रोड स्थित इनेलो के प्रदेश महासचिव बलविंदर सिंह कैरो के घर पहुंचे। उन्होंने उनके पिता जत्थेदार प्रताप सिंह कैरो के आकस्मिक निधन पर शोक जताया। शोक प्रकट करने के बाद कार्यकर्ताओं से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की राजनीति और किसानों के मुद्दों पर बात रखी।

चौटाला ने गोरखपुर परमाणु संयंत्र को लेकर सरकार की नीति पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि इससे किसान बर्बाद हो रहे हैं। किसानी के साथ बड़ा धोखा हुआ है। इनेलो किसानों की आवाज मजबूती से उठाएगी और उनके हितों की रक्षा करेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे संगठित होकर गांव-गांव जाएं। पुराने साथियों को फिर से जोड़ें। पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करें। इस मौके पर सरदार राज सिंह, सरदार सिंगारा सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# वाहन बेचते व खरीदते समय सावधानी रखें

■ फतेहाबाद पहुंचे कार डीलर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेएस न्योल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** ऑल इंडिया कार डीलर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत करते डीलर्स।

ऑल इंडिया कार डीलर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेएस न्योल वीरवार को फतेहाबाद पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बिश्नोई मंदिर मार्किट स्थित दि कार किंग कार्यालय में शहर के कार डीलरों के साथ बातचीत की। फतेहाबाद पहुंचने पर राज्य उपप्रधान बलकार सिंह महेन्द्रा के नेतृत्व में कार डीलरों ने उनका स्वागत किया। डीलर्स के साथ बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने डीलर्स के व्यापार से सम्बंधित विभिन्न समस्याओं और उनके समाधान को लेकर चर्चा की। बैठक को संबोधित करते हुए जेएस न्योल ने कहा कि वाहन खरीदते और बेचते समय डीलर पूरी पारदर्शिता बरतें, यह एक अच्छे डीलर की पहचान है। ध्यान रखें कि उनके द्वारा जिस गाड़ी का सौदा करवाया जा रहा है, वह चोरी या किसी आपराधिक घटना से न जुड़ी हो। बैठक के दौरान उन्होंने विशेष रूप से ट्रेड लाइसेंस बनवाने में आ रही दिक्कतों, जीएसटी प्रणाली में खामियों को दूर करने और कार खरीदने व बेचने की प्रक्रिया को सरल और सुरक्षित बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने पर चर्चा की। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अनेक डीलरों को संगठन की तरफ से नए सर्टिफिकेट भी प्रदान किए। इस अवसर पर एसोसिएशन के फतेहाबाद उपप्रधान नरेश कुमार, कपिल कम्बोज, संदीप कुमार व अन्य मौजूद रहे।

## ग्लोबल रोल मॉडल मास्टर्स अवार्ड से सम्मानित करेगा राह ग्रुप फाउंडेशन

**फतेहाबाद।** शिक्षा से लेकर कारोबार तक, हर क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पांच राज्यों की 101 हस्तियों को सामाजिक संस्था राह ग्रुप फाउंडेशन द्वारा ग्लोबल रोल मॉडल मास्टर्स अवार्ड-2025 प्रदान किया जाएगा। पांच अक्टूबर इंटरनेशनल टीचर-डे पर बैंकाक में आयोजित होने वाले इस अंतरराष्ट्रीय सम्मान समारोह में हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, पंजाब व जम्मू-कश्मीर की हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा। इसमें वरीयता शिक्षा के विकास में सराहनीय योगदान देने वाले अध्यापकों व स्कूलों के निर्माण या विस्तार में सहयोग देने वाले भामाशाहों को दी जाएगी। इस दौरान अध्यापकों को शैक्षणिक भ्रमण एवं वहां के स्कूलों की शैक्षणिक व्यवस्था का जमीनी आंकलन व विशेष पैटर्न को अपनाने के लिए चार स्कूलों की विजिट भी करवाई जाएगी। इस अवार्ड के लिए 10 जुलाई तक आवेदन किए जा सकेंगे, जबकि 15 जुलाई तक इनका चयन कर लिया जाएगा जिससे कि चयनित हस्तियां अपने-अपने दस्तावेजों की पूर्ति कर सके। यह जानकारी देते हुए राह ग्रुप फाउंडेशन के चेयरमैन नरेश सेलपाड़ ने दी।राह संस्था के एग्जाम कंट्रोलर नवल सिंह टोहाना व फतेहाबाद के संयोजक सेवा सिंह ने बताया कि शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यवसाय, ग्राम विकास, पर्यावरण संरक्षण, खेलों के विकास, वैज्ञानिक शोध, इंजीनियरिंग, जनकल्याणकारी पत्रकारिता, समाज सेवा समेत कई अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान करने वाले इन अवार्ड के लिए आवेदन कर सकेंगे। सभी आवेदकों के पास आवेदन की अन्तिम तिथि से पहले वैध पासपोर्ट होना अनिवार्य होगा। इसके अलावा किसी भी आवेदक की पृष्ठभूमि आपराधिक नहीं होनी चाहिए। सम्मान समारोह के लिए फतेहाबाद के संयोजक सेवा सिंह ने बताया कि बैंकॉक में आयोजित होने वाले इस सम्मान समारोह के दौरान संबंधित क्षेत्र की हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा।

# रतिया में प्रतिबंधित दवाइयों की खेप के साथ युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**रतिया।** नशीली गोलियों सहित गिरफ्तार युवक।

जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त अभियान के तहत थाना शहर रतिया पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने एक युवक को नशीली गोलियों सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान गुरप्रीत सिंह उर्फ काला सिंह पुत्र बलविन्द्र सिंह निवासी लाली के रूप में हुई है। थाना शहर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक रणजीत सिंह ने बताया कि पुलिस टीम अपराधियों की धरपकड़ व नशा तस्करों पर निगरानी के लिए गश्त कर रही थी। जब टीम बस स्टैंड रतिया के पास पहुंची, तो उन्हें सूचना मिली कि एक व्यक्ति गुरप्रीत सिंह उर्फ काला सिंह पुत्र बलविंद्र निवासी गांव लाली, इस समय मिनी बाईपास के नजदीक वार्ड नंबर 1 में नशीली गोलियां बेच रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखकर एक युवक घबरा गया और भागने की कोशिश करने लगा, जिसे संदेह के आधार पर तुरंत काबू कर लिया गया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम गुरप्रीत सिंह उर्फ काला बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से कुल 85 नशीली गोलियां बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना शहर रतिया में एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

## भूमि विवाद के चलते परिवार पर हमला करने के मामले में दो आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद

जमीनी विवाद के चलते एक दम्पति व उसके दो लडक़ों से लड़ाई झगड़ा करने के मामले में सदर रतिया पुलिस ने दो आरोपियों को काबू किया है। पकड़े गए लोगों की पहचान बीरू सिंह पुत्र सरदूल सिंह व आकाशदीप उर्फ लाला पुत्र म्हासा सिंह निवासी चनकोठी के रूप में हुई है। पूछताछ के बाद दोनों को शामिल तफ्तीश कर जमानत पर रिहा कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार इस बारे पुलिस ने 14 जून को युधिष्टर नारंग निवासी शिव चौक, फतेहाबाद की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार वह अपनी पत्नी शोभा नारंग व लडक़े विकेश व रोहित के साथ गांव चनकोठी स्थित अपने खेत में गया तो उसने देखा कि वहां एक युवक ट्रैक्टर से उसके खेत में जुताई कर रहा था। उनके मना करने पर चालक इकबाल ने ट्रैक्टर को रोक दिया। इकबाल के साथ खेत में बीरू, म्हासा व एक अन्य व्यक्ति भी था। इन लोगों ने उस पर डंडों व गंडासे से हमला कर दिया और उसे उठाकर दूसरे खेत में फैंक दिया। जब उसकी पत्नी छुड़वाने आई तो इन लोगों ने उसके साथ भी मारपीट की। झगड़े में उसके लडक़े रोहित का फोन टूट गया जबकि विकेश का ऐप्पल आईफोन व 38 हजार रुपये छीन लिए। रोहित ने इस बारे डायल 112 पर सूचना दी तो हमलाकर उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

## नगराधीश यश मलिक ने समाधान शिविर में सुनीं आमजन की शिकायतें

सिरसा। जिला मुख्यालय पर आयोजित समाधान शिविर में नगराधीश यश मलिक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों के प्रति संबंधित विभाग जवाबदेह है और समयबद्ध ढंग से समस्या का निराकरण किया जाना चाहिए। वीरवार को समाधान शिविरों में कुल 34 शिकायतें आईं। उन्होंने कहा कि विभागाध्यक्ष जन शिकायतों के बारे में स्वयं अवगत रहें। उन्होंने यह भी कहा कि समाधान शिविर में कोई भी व्यक्ति शिकायत दे, तो उसे यह भी बताया जाए कि उसकी शिकायत किस विभाग के पास जा रही है। जब भी शिकायत आए तो संबंधित विभाग उस पर तत्काल संज्ञान लें और समस्या के निपटारे की जानकारी शिकायतकर्ता को दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर की मॉनेटरिंग मुख्यालय स्तर पर की जाती है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8814999173, 9253681005

## सूरज होटल में चोरी करने का आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** जीटी रोड स्थित सूरज होटल में चोरी करने के मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रभु कुमार पुत्र राजकुमार निवासी भलुआह, जिला चतरा, झारखंड के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया ओप्पो कंपनी का मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया गया है। थाना सिटी प्रभारी उपनिरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 8 मई को नीरज कुमार उर्फ बंटी शर्मा पुत्र सतपाल शर्मा निवासी गांव राजाबाद, जिला फतेहाबाद हाल आबादी श्रीराम मंदिर कॉलोनी, फतेहाबाद की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसने दिल्ली वाला अस्पताल फतेहाबाद के ऊपर सूरज होटल नामक होटल खोला हुआ है, जिसमें प्रभु कुमार को कर्मचारी के रूप में नियुक्त किया गया था।

**कार्यक्रम** पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व में एक मजबूत शक्ति बनकर उभरा : जोड़ा

# 11 वर्षों की विकासात्मक जनकल्याणकारी व राष्ट्रहितकारी उपलब्धियों को किया साझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** 'संकल्प से सिद्धि' अभियान के तहत भाजपा शहरी मंडल की बैठक में मौजूद बीजेपी नेता। फोटो :हरिभूमि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 11 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में 'संकल्प से सिद्धि' अभियान के तहत भाजपा शहरी मंडल की बैठक आज भूना रोड स्थित भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शहरी मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा ने की। बैठक में मुख्यअतिथि के तौर पर भाजपा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा और पूर्व विधायक चौ. दुड़ाराम ने भाग लिया। कार्यक्रम के संयोजक विजय गोयल एवं सहसंयोजक लखमी शर्मा ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। मंच संचालन मंडल उपाध्यक्ष परमजीत बैनीवाल ने किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष जगदीश शर्मा, नगरपरिषद उपप्रधान सविता टुटेजा, मुलखराज चावला, पार्षद रवि, पार्षद नीलांशी शर्मा, सुरेन्द्र बिश्नोई, डॉ. सुमन बजाज, राजेश, जगदीश नायक, संजय बंसल, दीपक, सौरभ रत्ति, नीलम मेहता सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने मोदी सरकार की 11 वर्षों की विकासात्मक, जनकल्याणकारी और राष्ट्रहितकारी उपलब्धियों को विस्तार से साझा किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व में एक मजबूत शक्ति बनकर उभरा है। पिछले 11 वर्षों में सुशासन और जन कल्याणकारी योजनाएं घर-घर तक पहुंची हैं। उन्होंने बताया कि सरकार ने हर जरूरतमंद व्यक्ति के कल्याण के लिए योजनाएं बनाई हैं। भारत ने बीते 11 वर्षों में आत्मनिर्भरता, सुरक्षा, स्वच्छता, तकनीकी नवाचार और वैश्विक सम्मान के नए आयाम गढ़े हैं और 'संकल्प से सिद्धि' की ओर कदम बढ़ाया है, जिसमें हर नागरिक की भागीदारी रही है।